जिंक के भारतीय सांकेतिक भाषा सत्रों में एक हजार विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा नोएडा डेफ सोसाइटी के सहयोग से भारतीय सांकेतिक भाषा सीखने के लिए सत्र आयोजित किए गए। भारतीय सांकेतिक भाषा अजमेर, चित्तौड़गढ़, जावर, आगूचा और देबारी में सत्र आयोजित किए गए जिसमें परियोजना लाभार्थियों और हिन्दुस्तान जिंक के कर्मचारी सम्मिलित हुए। सत्रों में जिंक कौशल केंद्र के प्रशिक्षुओं, सखी परियोजना से जुड़ी महिलाओं, शिक्षा संबल परियोजना संचालित विद्यालयों के बच्चों और विद्या भवन के सहयोग से संचालित ऊंची उड़ान के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों सहित 1034 लोगों ने भाग लिया।